Sl.No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 34

No. of Printed Pages – 3

SS–29–Sociology (D&D)

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2018

समाजशास्त्र

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5)

खण्ड	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
अ	1-10	1	10 शब्द
ब	11 - 20	2	30 शब्द
स	21 - 30	3	45 शब्द
द	31 - 34	5	150 शब्द

6) प्रश्न संख्या 31 से 34 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

खण्ड – अ

1) अनुसूचित जाति शब्द का प्रयोग कब और किसके द्वारा किया गया?

2) ''मॉडर्नइजेशन ऑफ इण्डियन ट्रेडीशन'' पुस्तक के लेखक कौन है?

3) पश्चिमीकरण से क्या तार्त्पय है?

4) दो क्षेत्रिय राजनीतिक दलो के नाम लिखिये।

5) सरपंच का चुनाव किस प्रकार किया जाता है?

6) अमृत मिशन का मुख्य उद्धेश्य क्या है?

7) महिलाओ की समस्या से संबंधित कोई एक सामाजिक विधान बताइये।

8) गार्गी पुरस्कार किसे दिया जाता है?

9) जनसंचार किसे कहते है?

10) राजस्थान में भगत आन्दोलन की शुरुआत किसने की?

खण्ड – ब

11) भारतीय समाज में पुरुषार्थ कितने प्रकार के बताये गये है?

12) गाँवो में मनोरंजन के साधनो को बताइये।

13) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग क्या है?

14) परम्परा और आधुनिकता में अन्तर बताइये।

15) संस्कृतिकरण क्या है?

16) भारत में धर्म निरपेक्षीकरण के प्रमुख कारण कौन कौन से है? कोई चार कारण बताइये।

17) स्मार्ट सिटी योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

18) जनसंचार को सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण पहलु क्यों कहा जाता है?

19) प्रार्थना समाज क्या है?

20) गोविन्द गुरु कौन थे?

खण्ड – स

21) भारत में मातृशिशु मृत्यु दर पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

22) भारत में गॉव तथा नगरीय समाज में विवाह एवं परिवार में विभिन्नता को बताइये।

23) भारत में अन्य पिछड़े वर्ग का निर्धारण किन कारणों के आधार पर होता है?

24) महिलाओं के उत्थान हेतु संवैधानिक गारंटी का उल्लेख कीजिये।

25) आधुनिकीकरण की कोई तीन विशेषतायें बताइये।

26) पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा ग्रामीण समाज में हुऐ कोई तीन परिवर्तनों को बताइये।

27) भारत में दबाव समूह की कोई तीन विशेषताये बताइये।

28) शारदा एक्ट क्या है?

29) बाल श्रम के दुष्प्रभावों का उल्लेख कीजिये।

30) ब्रह्म समाज आन्दोलन से आप क्या समझते है?

खण्ड – द

31) भारतीय समाज में विभिन्नता की चुनौतियों का वर्णन कीजिये।

अथवा

भारतीय समाज के सांस्कृतिक पहलु के रुप में विवाह एवं धर्म पर प्रकाश डालिये।

32) नगरीकरण का भारतीय समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है?

अथवा

औपनिवेशिक काल में भारतीय समाज की स्थिति की व्याख्या कीजिये।

33) नगर नियोजन से आप क्या समझते है? भारतीय नगरों में नगर नियोजन के महत्व को समझाइये।

अथवा

नगर में आवास उपलब्धता के सरकारी प्रयासो का उल्लेख कीजिये।

34) जनसंचार के साधनो के प्रकार तथा उनके विकास पर लेख लिखिये।

अथवा

भारतीय समाज में परिवर्तन में जनसंचार की भूमिका की व्याख्या कीजिये।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE